ascia
australasian society of clinical immunology and allergy
www.allergy.org.au

Information
FOR PATIENTS, CONSUMERS AND CARERS

जिन बच्चों को तीव्रग्राहिता (ऐनाफ़िलेक्सिस) का ख़तरा है उनके माता-पिता के लिए ऐनाफ़िलेक्सिस संबंधी तथ्य-पत्र (Anaphylaxis Fact Sheet for Parents of Children at Risk of Anaphylaxis)

ऐनाफ़िलेक्सिस क्या है व उसका इलाज कैसे होता? (What is anaphylaxis and how is it treated?)

ऐनाफ़िलेक्सिस बहुत ही गम्भीर प्रकार की एलर्जी की प्रतिक्रिया होती है जो कि जान लेवा भी हो सकती है। यह किसी ऐसे खाद्यपदार्थ, कीड़े-मकौड़े या दवा के कारण बहुत जल्दी होती है जिससे कि किसी व्यक्ति को पहले से ही एलर्जी होती है। ऐनाफ़िलेक्सिस को हमेशा एक मेडिकल आपातस्थिति समझना बहुत ज़रूरी है और इसका इलाज तुरन्त एड्रीनेलिन द्वारा किया जाना चाहिए। अपने आप एड्रीनेलिन(एपिनेफ्रीन) का इनजेक्शन लगाने वाला उपकरण (जैसे कि EpiPen®) [Adrenaline autoinjectors (e.g. EpiPen®)] को इस प्रकार बनाया गया है कि जो व्यक्ति चिकित्सक नहीं है वह भी इस इन्जेक्शन को लगा सकता है, जैसे कि माता-पिता, स्कूल या शिशु देखभाल स्टाफ़, मित्र, सड़क पर जा रहा व्यक्ति या जिसको एलर्जी है वह अपने आप (यदि वह पर्याप्त रूप से स्वस्थ व उपकरण का इस्तेमाल करने योग्य आयु का / की है)। एड्रीनैलिन ऑटोइन्जेक्टर एक उपकरण है जिसमें एड्रीनैलीन की एक, नियत ख़ुराक होती है जो ऐनाफ़िलेक्सिस को उल्टा करने में तीव्रता से काम करती है। उसको उपयोग करने के निर्देश उपकरण के लेबल, ऐनाफ़िलेक्सिस के ASCIA की कार्यविधि की योजना, (ASCIA Action Plans) व ASCIA की वेबसाईट www.allergy.org.au/anaphylaxis पर दिए गए हैं।

यदि आपके बच्चे को ऐनाफ़िलेक्सिस से ख़तरा होने के लक्षण बताए गए हैं तो उसका इलाज करने वाले डॉक्टर को निम्नलिखित प्रदान करना चाहिएः (If your child has been diagnosed at risk of anaphylaxis, their treating doctor should provide:)

- ☐ **जिन एलर्जी पैदा करने वाले तत्वों (वह तत्व जिनके कारण एलर्जी होती है) के बारे में मालूम है, उनके बारे में शिक्षा देना।** यह खाद्यपदार्थों से एलर्जी से होने वाले ऐनाफ़िलेक्सिस के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है जो कि खाद्यपदार्थ की बहुत थोड़ी मात्रा या अचानक उपयोग से हो सकता है। ज्ञात एलर्जी पैदा करने वाले खाद्यपदार्थों व कीड़े-मकोड़ों से बचाव करने के तरीकों को घर, स्कूल, प्री-स्कूल या शिशु देखभाल में उपयोग किया जाना चाहिए। इससे संबंधित जानकारी ASCIA की वेबसाईट पर उपलब्ध हैः www.allergy.org.au/schools-childcare
  खाद्यपदार्थों से एलर्जी-www.allergy.org.au/patients/food-allergy कीड़ों मकोड़ों से एलर्जी-www.allergy.org.au/patients/insect-allergy-bites-and-stings
- ☐ ASCIA **की कार्यविधि की योजना** (ASCIA Action Plan for Anaphylaxis)**।** यह योजना बताती है कि जब आपके बच्चे को एलर्जी संबंधी प्रतिक्रिया हो रही हो तो आपको क्या करना चाहिए। इस योजना को आपके बच्चे के डॉक्टर द्वारा पूरा करना चाहिए और उस पर हस्ताक्षर करना चाहिए और इसे एड्रीनैलिन ऑटोइन्जेक्टर के साथ रखना जाना चाहिए, चाहे यह आपके बच्चे के पास ही रहता हो। इस योजना में निजी विवरण, एलर्जी संबंधी प्रतिक्रिया होने के समय दिखने वाले लक्षण, इस उपकरण को उपयोग करने के निर्देश व यह भी कि क्या कोई अन्य दवा देनी है या नहीं।
- ☐ **दो एड्रीनैलिन ऑटोइन्जेक्टर के लिए डॉक्टर द्वारा दिया गया आदेश** (Prescription)**।** इससे आप एक एड्रीनैलिन ऑटोइन्जेक्टर हमेशा ही अपने बच्चे के पास रख सकते हैं (जब वह घर से अंदर या बाहर जाता है) और दूसरा स्कूल या शिशु-देखभाल में छोड़ सकते हैं। हाई व उच्च प्राईमरी स्कूल के विद्यार्थियों को आमतौर पर एक उपकरण को अपने पास रखना चाहिए व दूसरा स्कूल में रखना चाहिए। ऑस्ट्रेलिया में दो उपकरणों पर सरकारी छूट (PBS) मिलती है पर अतिरिक्त उपकरण केमिस्ट से पूरे दाम पर खरीदे जा सकते हैं।
  अधिक जानकारी के लिए: www.allergy.org.au/health-professionals/anaphylaxis-resources/adrenaline-autoinjectors-faqs
- ☐ **एड्रीनैलिन ऑटोइन्जेक्टर को उपयोग करने के बारे में जानकारी देना।** यह सलाह दी जाती है कि जो आपके बच्चे के लिए एड्रीनैलिन ऑटोइन्जेक्टर बताया गया है उसके प्रशिक्षित करने वाले एड्रीनैलिन ऑटोइन्जेक्टर पर आप नियमित रूप से अभ्यास करें। प्रशिक्षित करने वाले एड्रीनैलिन ऑटोइन्जेक्टरों में सुई या एड्रीनैलिन नहीं होती है और आप इससे कई बार अभ्यास कर सकते हैं व अपने परिवार व मित्रों को सिखा सकते हैं।
- ☐ **मेडिकल पहचान करने के लिए जवरात पहनने संबंधी जानकारी।** यह वैकल्पिक है और ASCIA की कार्यविधि की योजना के बदले में नहीं उपयोग की जा सकती।

माता-पिता की क्या भूमिका है? (What is the role of the parent?)

- ☐ यदि आपके बच्चे को एड्रीनैलिन ऑटोइन्जेक्टर बताया गया है; उसे पहले या बाद में ऐनाफ़िलेक्सिस थी; एलर्जी में कोई बदलाव हुआ है; या कोई अन्य स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताएँ या विकलांगताएँ (जिसमें पढ़ाई में कठिनाई भी शामिल है) हैं जो ऐनाफ़िलेक्सिस के नियंत्रण को प्रभावित कर सकती है **तो स्कूल के प्राधानाध्यापक या प्री-स्कूल या शिशु देखभाल के सुपरवाईज़र को सूचित करें।**
- ☐ **ऐनाफ़िलेक्सिस संबंधी** ASCIA **की कार्यविधि की योजना, जो आपके बच्चे के डॉक्टर द्वारा पूरी व हस्ताक्षरित की गई हो, स्कूल को प्रदान करना।** जब एड्रीनैलिन ऑटोइन्जेक्टर का नया प्रिसक्रिपशन दिया जाता है (आमतौर पर हर 12 - 18 महीनों पर) या एलर्जी में बदलाव होता है तो इसे नवीनतम (फ़ोटो के साथ) देना चाहिए। ये मेडिकल कागज़ात होते हैं और इन्हें किसी भी हालत में माता-पिता, स्कूल स्टाफ़ या शिशु देखभाल स्टाफ़ द्वारा पूरा करना या बदला नहीं जाना चाहिए।
- ☐ **अपने बच्चे के स्कूल, प्री-स्कूल या शिशु देखभाल को एड्रीनैलिन ऑटोइन्जेक्टर प्रदान करना।** लेबल पर तिथि हमेशा लिखें और उपकरण की समाप्ति तिथि से पहले नया बदल कर दें। चाहे आपके बच्चे के पास अपना एड्रीनैलिन ऑटोइन्जेक्टर रहता हो, आपके लिए ज़रूरी है कि आप स्कूल को एक एड्रीनैलिन ऑटोइन्जेक्टर प्रदान करें। यह इसलिए कि यदि उसकी आवश्यकता होने पर वह आपके बच्चे के पास न हो।
- ☐ **व्यक्तिगत स्वास्थ्य देखभाल योजना या ख़तरे को कम से कम करने की योजना का विकास करने में मदद देना।** आपके बच्चे की स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को मदद देने के लिए यह योजना स्कूल, प्री-स्कूल या शिशु देखभाल स्टाफ़ द्वारा विकसित की जाती है।
- ☐ **आयु के अनुसार उचित शिक्षा।** अपने बच्चे को शिक्षित करें कि वह ज्ञात एलर्जी देने वाले तत्वों से बचाव करे और यह कि ऐसा करना ज़रूरी क्यों है। उसको याद दिलाते रहें कि जब भी उनकी तबियत ख़राब होती है तो एकदम जो भी आस-पास हो उसे बताए, जैसे कि टीचर या कोई अन्य व्यक्ति। उसको बताएँ कि यही करना ही ठीक है और डरना नहीं चाहिए कि ऐसा करने से वे मुश्किल में पड़ सकते हैं।

आपके बच्चे के स्कूल, प्री-स्कूल या शिशु देखभाल सेवा की क्या ज़िम्मेदारियाँ है? (What are the responsibilities of your child's school, preschool or childcare service?)

- ☐ **स्टाफ़** को ऐनाफ़िलेक्सिस संबंधी जागरुकता, व्यवस्था, पहचान व आपातकालीन इलाज करने **का प्रशिक्षण देना।**
- ☐ ज्ञात एलर्जी के तत्वों का आकस्मिक उपयोग होने के ख़तरे को कम से कम करने के लिए **योजना का उपयोग करना,** जिसमें विशेष कार्यक्रम, जैसे कि घूमने-फिरने जाना (excursions) शामिल हैं।
- ☐ **एड्रीनैलिन ऑटोइन्जेक्टर को उचित रूप से रखना,** जिसमें ऐनाफ़िलेक्सिस के लिए ASCIA की कार्यविधि की योजना हो और वह आसानी से उपलब्ध हो व सीधी धूप व गर्माई से दूर हो। स्टाफ़ को उस सहमत स्थान के बारे में भी जानना ज़रूरी है जहाँ पर बच्चा उपकरण को रखेगा (जैसे कि जेब, कमर पर बाँधने का बैग या स्कूल का बैग)।

अधिक जानकारी (Further information)

- ☐ Australasian Society of Clinical Immunology and Allergy (ASCIA) www.allergy.org.au
  व्यवसायिक मेडिकल संगठन जो रोगियों व उपभोक्ताओं को इंटरनेट पर प्रशिक्षण, स्वास्थ्य संबंधी व्यवसायिक साधन व जानकारी प्रदान करता है
- ☐ Allergy & Anaphylaxis Australia www.allergyfacts.org.au
  ऑस्ट्रेलियाई रोगी सहायता संस्था जो एलर्जी व ऐनाफ़िलेक्सिस संबंधी सलाह व साधन प्रदान करती है
- ☐ Food Standards Australia and New Zealand (FSANZ) www.foodstandards.org.au
  खाद्यपदार्थों के लेबलों संबंधी क़ानून व एलर्जी पैदा करने वाले तत्वों की जानकारी देना

© ASCIA 2017 This fact sheet was developed by ASCIA and funded by an educational grant from the NSW Government Ministry of Health

Translated by the WSLHD Translation Service June 2017
Hindi